## सार्वजनिक विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड शासन, आबकारी विभाग, देहरादून के आदेश संख्या–195/XXIII–1/2026–E–89326/2025 दिनांक 15 मई, 2026 के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार विदेशी मदिरा दुकान, डीडीहाट के वर्ष 2026–27 एवं वर्ष 2027–28 के लिए निविदा के माध्यम से पुनर्व्यस्थापन हेतु निम्न समय सारिणी के अनुसार बन्द लिफाफे में आवेदन पत्र, जो जिला आबकारी अधिकारी, पिथौरागढ़ के कार्यालय में सीधे जमा किये जा सकते हैं, आमंत्रित किये जाते हैं :–

### दुकान का नाम/प्रकार–विदेशी मदिरा दुकान डीडीहाट

जनपद– पिथौरागढ़ वित्तीय वर्ष 2026–27 एवं 2027–28 हेतु विदेशी मदिरा दुकान, डीडीहाट के राजस्व निर्धारण विवरण

| | | | वर्ष 2026–27 का कुल निर्धारित राजस्व। | | | वर्ष 2027–28 का कुल निर्धारित राजस्व। | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क. सं. | दुकान का नाम | प्रकार | वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु निर्धारित राजस्व | वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु अनुज्ञापन शुल्क | वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु निर्धारित हैसियत की धनराशि | वित्तीय वर्ष 2027–28 हेतु निर्धारित राजस्व | वित्तीय वर्ष 2027–28 हेतु अनुज्ञापन शुल्क | वित्तीय वर्ष 2027–28 हेतु निर्धारित हैसियत की धनराशि | वित्तीय वर्ष 2026–27 एवं 2027–28 निर्धारित कुल राजस्व | वित्तीय वर्ष 2026–27 एवं 2027–28 हेतु कुल निर्धारित धरोहर धनराशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | डीडीहाट | वि0म0 | 67087442 | 671000 | 10063116 | 73752255 | 738000 | 11062838 | 140839697 | 2816794 |

### आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने हेतु समय–सारिणी

| क.सं. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | फुटकर मदिरा दुकान के व्यवस्थापन हेतु अधिकतम राजस्व ऑफर/बोलीदाताओं से आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि | दिनांक 18.05.2026 से 23.05.2026 को सायं 04.00 बजे तक। |
| 2. | निविदा/टैण्डर खोले जाने/दुकान आवंटन की तिथि। | दिनांक 23.05.2026 को सायं 04.30 बजे से प्रकिया समाप्ति तक। |

उक्त मदिरा दुकान हेतु उत्तराखण्ड शासन आबकारी अनुभाग, देहरादून की अधिसूचना संख्या–176/XVIII–1/2025–04(01)/2025 दिनांक 05 मार्च, 2025 के द्वारा प्रख्यापित आबकारी निति विषयक नियमावली वर्ष 2025–26, 2026–27 व 2027–28 (त्रिवर्षीय आबकारी नीति) के प्राविधानों के अनुसार पात्र आवेदकों से निर्धारित प्रारुप पर आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, जो जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को अथवा विभागीय वैबसाईट www.uttrakhandexcise.org.in अथवा www.uk.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड व पैन काड) की स्व–प्रमाणित छायाप्रति, वांछित का हैसियत प्रमाण पत्र प्रारुप (जी0–39) में अथवा आयकर वैल्यूअर द्वारा निर्गत धारित सम्पत्ति प्रमाण–पत्र (मूल में)/एफ0डी0आर0 (जिलाधिकारी के नाम प्रतिश्रुत), आवेदन पत्र के साथ गत 02 वर्ष का आई0टी0आर0 प्रमाण–पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10 करोड़ से कम राजस्व वाली मदिरा दुकान हेतु न्यूनतम वार्षिक आय रु. 05.00 लाख, विगत वर्ष की आई0टी0आर0 प्रमाण–पत्र के अनुसार होना अनिवार्य होगा। निर्धारित धरोहर धनराशि, जो वार्षिक निर्धारित राजस्व (EMD), (दोनों वर्षो के कुल राजस्व का 02 प्रतिशत के बराबर की धनराशि) व प्रकिया शुल्क रु. 65,000.00 (नॉन रिफन्डेबल) का बैंक ड्राफ्ट, जो जिला आबकारी अधिकारी, पिथौरागढ़ के पदनाम से देय हो, जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, पिथौरागढ़ में Payable स्वीकार किये जायेगें, संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। आवेदक को उपरोक्त समस्त औपचारिकताओं सहित आवेदन पत्र उक्त निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी, पिथौरागढ़ के कार्यालय में जमा किया जाना होगा। आवेदक आबकारी नीति विषयक नियमावली–2025 (त्रिवर्षीय) के उपबन्धों के अनुसार आवंटन के नियमों व शर्तो से भिज्ञ हो। दुकान आवंटन के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय सक्षम स्तर पर लिया जायेगा। उक्त दुकान के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विभागीय वैबसाईट www.uttrakhandexcise.org.in अथवा www.uk.nic.in व जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय, पिथौरागढ़ एवं कार्यालय आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–02, डीडीहाट से किसी भी कार्यदिवस को प्राप्त की जा सकती है।

दिनांक मई 16, 2026

16/05/2026

जिला आबकारी अधिकारी,
पिथौरागढ़।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, पिथौरागढ़।

संख्या– 53 /वि0म0दु0–डीडीहाट/पुनर्व्य0/2026–27 दिनांक मई 16, 2026

प्रतिलिपि :–

1. उप आबकारी आयुक्त, आई0टी0 उत्तराखण्ड देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 17.05.2026 को विभागीय वैबसाईट www.uttrakhandexcise.org.in पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।
2. समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार/खण्ड विकास अधिकारी, जनपद पिथौरागढ़ को सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु सादर प्रेषित।
3. प्रभारी अधिकारी, नजारत, जिला कार्यालय, पिथौरागढ़ को सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु सादर प्रेषित।
4. समस्त आबकारी निरीक्षक, जनपद पिथौरागढ़ को सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन0आई0सी0, पिथौरागढ़ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 17.05.2026 को विभागीय वैबसाईट www.uk.nic.in पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।
6. सम्पादक, अमर उजाला/दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दैनिक समाचार पत्र, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 17.05.2026 के अंक में राज्य स्तर के प्रसंस्करण में न्यूनतम राजकीय दरों पर प्रकाशित करवाते हुए देयक भुगतान हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. जिला सूचना अधिकारी, पिथौरागढ़ को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु।
8. जिलाधिकारी महोदय, पिथौरागढ़ को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

16/5/2026

जिला आबकारी अधिकारी,
पिथौरागढ़।

## सार्वजनिक विज्ञप्ति

**(विदेशी मदिरा दुकान, डीडीहाट के दिनांक 18.05.2026 से दिनांक 23.05.2026 तक दैनिक आधार पर संचालन हेतु)**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड शासन, आबकारी विभाग, देहरादून के आदेश संख्या–195/XXIII–1/2026–E–89326/2025 दिनांक 15 मई, 2026 के द्वारा विदेशी मदिरा दुकान डीडीहाट के आवंटन निरस्तीरण एवं पुनर्व्यवस्थापन किये जाने के आदेश प्रदान किये जाने के फलस्वरुप विदेशी मदिरा दुकान, डीडीहाट को दिनांक 18.05.2026 से दिनांक 23.05.2026 तक दैनिक आधार पर संचालित किये जाने हेतु ऑफर/आवेदन पत्र (आउटगोइंग लाईसेंसी को छोड़कर) दिनांक 18.05.2026 के अपरान्ह 02.00 बजे तक जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय, पिथौरागढ़ में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त दुकान के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी जानकारी एवं आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जाने वाली औपचारिकताओं से सम्बन्धित जानकारी जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय, पिथौरागढ़ एवं कार्यालय आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–02, डीडीहाट से प्राप्त की जा सकती है।

दिनांक मई 16, 2026

16/05/2026

जिला आबकारी अधिकारी,
पिथौरागढ़।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, पिथौरागढ़।

संख्या– 54 /वि0म0दु0–डीडीहाट/पुनर्व्य0/2026–27 दिनांक मई 16, 2026

प्रतिलिपि :–

1. उप आबकारी आयुक्त, आई0टी0 उत्तराखण्ड देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 17.05.2026 को विभागीय वैवसाईट www.uttrakhandexcise.org.in पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।
2. समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार/खण्ड विकास अधिकारी, जनपद पिथौरागढ़ को सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु सादर प्रेषित।
3. प्रभारी अधिकारी, नजारत, जिला कार्यालय, पिथौरागढ़ को सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु सादर प्रेषित।
4. समस्त आबकारी निरीक्षक, जनपद पिथौरागढ़ को सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन0आई0सी0, पिथौरागढ़ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 17.05.2026 को विभागीय वैवसाईट www.uk.nic.in पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।
6. सम्पादक, अमर उजाला/दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दैनिक समाचार पत्र, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 17.05.2026 के अंक में राज्य स्तर के प्रसंस्करण में न्यूनतम राजकीय दरों पर प्रकाशित करवाते हुए देयक भुगतान हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. जिला सूचना अधिकारी, पिथौरागढ़ को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु।
8. जिलाधिकारी महोदय, पिथौरागढ़ को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

16/05/2026

जिला आबकारी अधिकारी,
पिथौरागढ़।